PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Jansatta, Delhi**
**Monday 27th January 2014, Page: 10**
**Width: 8.40 cms, Height: 9.57 cms, a4, Ref: pmin.2014-01-27.37.60**

# रैनबैक्सी के टोंसा संयंत्र के नमूना भंडार कक्ष में थे कीड़े

हैदराबाद, 26 जनवरी (भाषा)। दवा कंपनी रैनबैक्सी के टोंसा (पंजाब) संयंत्र में नमूना भंडार कक्ष में कीट-पतंगे और प्रयोगशाला में बिना मानक वाले उपकरण पाए गए थे। साथ ही वहां नमूना विश्लेषण प्रक्रिया में नियमों का अनुपालन नहीं किया गया था। इन्हीं सब कारणों से अमेरिका के स्वास्थ्य नियामक ने इस संयंत्र में विनिर्मित दवाओं पर अमेरिकी बाजार में प्रवेश पर रोक लगा दी है।

अमेरिकी खाद्य व औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) की जांच टीमों की जारी रिपोर्ट के मुताबिक, संयंत्र में आठ खामियां उजागर हुईं जिजनमें नमूना भंडार कक्ष में इतनी बड़ी संख्या में कीट-पतंगे पाए गए जिनकी गिनती नहीं की जा सकती थी। रपट के मुताबिक, नमूनों पर नियंत्रण पर्याप्त नहीं था। नमूना विश्लेषण की प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी देखी गई।

इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी दवा नियामक ने रैनबैक्सी के इस कारखाने की संयंत्र से उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। अमेरिकी दवा नियामक की कार्रवाई झेलने वाला यह कंपनी का चौथा संयंत्र है। इससे पहले, अमेरिकी नियामक कंपनी के मोहाली, पोंटा साहिब और देवास संयंत्रों को लेकर कार्रवाई कर चुका है।